Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to sanction Eastern Rajasthan Canal Project.

श्रीमती जसकौर मीना (**दौसा**): माननीय सभापति जी, आज भारत की आर्थिक प्रगति का आधार आत्मनिर्भर कृषि क्षेत्र है। सरकार की नीति के आधार पर कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के अनेक उपाय किये जा रहे हैं। लेकिन कृषि में सिंचाई जल की उपलब्धता को भी सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा-राजस्थान का अधिकांश क्षेत्र डार्क जोन है। वर्षा दर भी राजस्थान में न्यून है। राज्य सरकार ने जो डी.पी.आर. बनाई उसमें दौसा जिले को कमाण्ड एरिया से बाहर रखा है।

अतः मैं आपके माध्यम से आज यह मांग करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा, जहां 90 प्रतिशत जनता खेती पर निर्भर है, उन सभी कृषकों की पीड़ा को ध्यान में रखकर ई.आर.सी.पी. प्रोजैक्ट को मंजूर किया जाये।